**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 1903**

**Series : Sec. M/2017**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# गणित

## MATHEMATICS

*(Academic/Open)*

[ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम ]

[ Hindi and English Medium ]

(Only for Fresh Candidates)

**(Morning Session)**

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **32** हैं।*

  *Please make sure that the printed this question paper are contains **32** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

*Candidates must write their Roll Number on the question paper.*

- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

*सामान्य निर्देश :*

***General Instruction :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

***All questions are compulsory.***

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* **32** *प्रश्न हैं जो कि* **चार** *खण्डों* ***अ, ब, स*** *और* ***द*** *में बाँटे गये हैं :*

*This question paper consists of* **32** *questions in all which are divided into* ***four*** Sections : ***A***, ***B***, **C** *and* ***D*** *:*

***खण्ड अ :*** *इस खण्ड में* **1** *से* **16** *तक कुल* **16** *प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* **1** *अंक का है।*

***Section A :*** *There are* ***16*** *questions from* **1** *to* ***16****, each of* **1** *mark.*

***खण्ड ब :*** *इस खण्ड में* **17** *से* **21** *तक कुल* **5** *प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* **3** *अंक का है।*

***Section B :*** *There are* **5** *questions from* **17** *to* **21***, each of* **3** *marks.*

***खण्ड स :*** *इस खण्ड में* **22** *से* **27** *तक कुल* **6** *प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* **4** *अंक का है।*

***Section C :*** *There are* **6** *questions from* ***22*** *to* ***27****, each of* **4** *marks.*

***खण्ड द :*** *इस खण्ड में* **28** *से* **32** *तक कुल* **5** *प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* **5** *अंक का है।*

***Section D :*** *There are* ***5*** *questions from* **28** *to* **32***, each of* **5** *marks.*

*(iii)* ***खण्ड द*** *में* ***दो*** *प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं। उसमें से* ***एक*** *प्रश्न को चुनना है।*

***Section D*** *contains* ***two*** *questions where internal choice have been provided. You have to choose* ***one*** *of them.*

## खण्ड - अ

## SECTION – A

**1.** यदि 124 और 148 का HCF 4 है, तो उनका LCM है : 1

(A) 1147 (B) 18352

(C) 4588 (D) इनमें से कोई नहीं

If HCF of 124 and 148 is 4, then their LCM is :

(A) 1147 (B) 18352

(C) 4588 (D) None of these

**2.** $3x^2 + 1 + 4x$ के शून्यक हैं : 1

(A) $1, \frac{1}{3}$ (B) $1, -\frac{1}{3}$

(C) $-1, \frac{1}{3}$ (D) $-1, -\frac{1}{3}$

The zeros of $3x^2 + 1 + 4x$ are :

(A) $1, \frac{1}{3}$ (B) $1, -\frac{1}{3}$

(C) $-1, \frac{1}{3}$ (D) $-1, -\frac{1}{3}$

**3.** समीकरणों $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ और $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ में यदि $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$, तो निम्नलिखित में कौन-सा ***सत्य*** है ? 1

(A) अद्वितीय हल (B) अपरिमित हल

(C) कोई हल नहीं (D) इनमें से कोई नहीं

If in equations $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ and $a_2x + b_2y + c_2 = 0$, $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$, then which of the following is ***true*** ?

(A) Unique solution (B) Infinite solutions

(C) No solution (D) None of these

**4.** A. P. 5, $6\frac{1}{2}$, 8, $9\frac{1}{2}$, ......... का 15वाँ पद है : 1

(A) $15\frac{1}{2}$ (B) $14\frac{1}{2}$

(C) 26 (D) $27\frac{1}{2}$

15th term of A. P. 5, $6\frac{1}{2}$, 8, $9\frac{1}{2}$, ......... is :

(A) $15\frac{1}{2}$ (B) $14\frac{1}{2}$

(C) 26 (D) $27\frac{1}{2}$

**5.** यदि एक A. P. का तीसरा पद 12 और 10वाँ पद 26 है, तो उसका 20वाँ पद है : 1

(A) 46 (B) 52


(C) 50 (D) 44

If the third term of an A. P. is 12 and 10th term is 26, then its 20th term is :

(A) 46 (B) 52

(C) 50 (D) 44


**6.** दी गई आकृति में DE || BC, तो EC का मान है : 1




(A) 2.7 सेमी (B) 1.5 सेमी

(C) 2.4 सेमी (D) 3 सेमी

In the given figure DE || BC, then the value of EC is :




(A) 2.7 cm (B) 1.5 cm

(C) 2.4 cm (D) 3 cm

**7.** दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात 5 : 3 है, तो उसकी संगत भुजाओं का अनुपात है : 1

(A) 5 : 3 (B) 3 : 5

(C) $\sqrt{5}:\sqrt{3}$ (D) $\sqrt{3}:\sqrt{5}$

Areas of two similar triangles are in the ratio of 5 : 3, then the ratio of their corresponding sides is :

(A) 5 : 3 (B) 3 : 5

(C) $\sqrt{5}:\sqrt{3}$ (D) $\sqrt{3}:\sqrt{5}$

**8.** एक बिन्दु A से जो वृत्त के केन्द्र से 5 सेमी की दूरी पर है वृत्त की स्पर्श रेखा की लम्बाई 4 सेमी है। वृत्त की त्रिज्या की लम्बाई है : 1

(A) 3 सेमी (B) 4 सेमी

(C) 5 सेमी (D) 8 सेमी

The length of tangent from a point A at distance 5 cm from the centre of circle is 4 cm. The radius of the circle is :

(A) 3 cm (B) 4 cm

(C) 5 cm (D) 8 cm

**9.** वृत्त के अन्दर स्थित किसी बिन्दु से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखाओं की संख्या है : 1

(A) 1 (B) 2

(C) 4 (D) 0

Number of tangents drawn from a point inside the circle is :

(A) 1 (B) 2

(C) 4 (D) 0

**10.** बिन्दु (3, –4) की मूल बिन्दु से दूरी है : 1

(A) –1 (B) 1

(C) 5 (D) 7

The distance of point (3, –4) from origin is :

(A) –1 (B) 1

(C) 5 (D) 7

**11.** (2, 3), (–1, 0) और (2, –4) को मिलाने से बनने वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल है : 1

(A) 21 (B) 10.5

(C) 0 (D) इनमें से कोई नहीं

The area of triangle formed by the joining (2, 3), (–1, 0) and (2, –4) is :

(A) 21 (B) 10.5

(C) 0 (D) None of these

**12.** यदि $\cot A = \frac{7}{24}$, तो $\sin A$ का मान है : 1

(A) $\frac{24}{7}$ (B) $\frac{24}{25}$

(C) $\frac{25}{24}$ (D) $\frac{7}{25}$

If $\cot A = \frac{7}{24}$, then the value of $\sin A$ is :

(A) $\frac{24}{7}$ (B) $\frac{24}{25}$

(C) $\frac{25}{24}$ (D) $\frac{7}{25}$

**13.** $3\sin 30° - 4\sin^3 30°$ का मान है : 1

(A) sin 60° (B) sin 90°

(C) 0 (D) इनमें से कोई नहीं

The value of $3\sin 30° - 4\sin^3 30°$ is :

(A) sin 60° (B) sin 90°

(C) 0 (D) None of these

**14.** वृत्त के व्यास और परिधि का अनुपात है : 1

(A) $2\pi : 1$ (B) $1 : 2\pi$

(C) $1 : \pi$ (D) $\pi : 1$

The ratio of the diameter is to circumference is :

(A) $2\pi : 1$ (B) $1 : 2\pi$

(C) $1 : \pi$ (D) $\pi : 1$

**15.** एक बेलन के आधार की त्रिज्या 2.1 सेमी और ऊँचाई 5 सेमी है, तो उसका आयतन है : 1

(A) $22.05\ \pi$ (B) $7.35\ \pi$

(C) $21\ \pi$ (D) इनमें से कोई नहीं

The radius of the base of a cylinder is 2.1 cm and height 5 cm, then its volume is :

(A) $22.05\ \pi$ (B) $7.35\ \pi$

(C) $21\ \pi$ (D) None of these

**16.** यदि P(A नहीं) = 0.04 तो P(A) का मान है : 1

(A) 0.04 (B) 0

(C) 0.96 (D) 0.6

If P (not A) = 0.04 then P (A) is :

(A) 0.04 (B) 0

(C) 0.96 (D) 0.6

**खण्ड - ब**

**SECTION – B**

**17.** सिद्ध कीजिए कि $3+2\sqrt{5}$ एक अपरिमेय संख्या है। 3

Prove that $3+2\sqrt{5}$ is an irrational number.

**18.** एक द्विघात बहुपद ज्ञात कीजिए जिसके शून्यक 3 और –2 हों। 3

Find a quadratic polynomial whose zeros are 3 and –2.

**19.** 10 मी लम्बी एक सीढ़ी दीवार के सहारे इस प्रकार खड़ी है कि वह 8 मी ऊँची एक खिड़की तक पहुँचती है। सीढ़ी के निचले सिरे की दीवार से दूरी ज्ञात कीजिए। 3

A ladder 10 m long reaches a window 8 m above the ground. Find the foot distance of the foot of the ladder from the wall.

**20.** यदि $\tan 2A = \cot (A - 18°)$, जहाँ $2A$ एक न्यूनकोण है, तो $A$ का मान ज्ञात कीजिए। 3

If $\tan 2A = \cot (A - 18°)$, where $2A$ is an acute angle, then find the value of $A$.

**21.** 6 सेमी त्रिज्या और 60° कोण वाले वृत्त के त्रिज्याखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। 3

Find the area of a sector of a circle with radius 6 cm and angle of sector 60°.

**खण्ड - स**

**SECTION – C**

**22.** निम्नलिखित समीकरणों को हल कीजिए : 4

$$\frac{2x}{3} - \frac{3y}{2} = -2$$
$$\frac{x}{2} + \frac{4y}{3} = \frac{25}{3}$$

Solve the following equations :

$$\frac{2x}{3} - \frac{3y}{2} = -2$$
$$\frac{x}{2} + \frac{4y}{3} = \frac{25}{3}$$

**23.** एक आयताकार खेत का क्षेत्रफल 528 मी$^2$ है। यदि खेत की लम्बाई चौड़ाई के दुगुने से 1 मी अधिक है, तो खेत की लम्बाई और चौड़ाई ज्ञात कीजिए। 4

The area of a rectangular plot is 528 m$^2$. The length of the plot is one meter more than twice its breadth. Find the length and breadth of the plot.

**24.** यदि A. P. के पहले 10 पदों का योग –60 और पहले 15 पदों का योग –165 है, तो उसके पहले $n$ पदों का योग ज्ञात कीजिए। 4

If the sum of first 10 terms of an A. P. is –60 and sum of first 15 terms is –165, then find the sum of its $n$ terms.

**25.** किसी बाह्य बिन्दु से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखाओं की लम्बाइयाँ बराबर होती हैं, सिद्ध कीजिए। 4

Prove that the length of tangents drawn from an external point to a circle are equal.

**26.** एक ताश की अच्छी तरह फेंटी गई गड्डी से एक पत्ता निकाला जाता है। उस पत्ते के पान का पत्ता होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए। उस पत्ते के इक्का न होने की प्रायिकता भी ज्ञात कीजिए। 4

A card is drawn from a well shuffled pack of playing cards. Find the probability that card drawn is a heart card. Also find the probability that card is not an ace.

**27.** (3, 4) और (–4, 7) को मिलाने वाली रेखा को y-अक्ष किस अनुपात में विभाजित करता है ? विभाजित करने वाले बिन्दु के निर्देशांक भी ज्ञात कीजिए। 4

Find the ratio in which the line joining (3, 4) and (–4, 7) is divided by y-axis. Also find the coordinates of the point of intersection.

**खण्ड – द**

**SECTION – D**

**28.** दो स्टेशनों के बीच 168 किमी यात्रा करने में एक एक्सप्रेस रेलगाड़ी, सवारी गाड़ी से 1 घंटा कम समय लेती है (स्टेशनों पर ठहरने का समय ध्यान में न लिया जाए) यदि एक्सप्रेस गाड़ी की चाल सवारी गाड़ी से 14 किमी/घण्टा अधिक है, तो दोनों रेलगाड़ियों की औसत चाल ज्ञात कीजिए। 5

An express train takes 1 hour less than a passenger train to travel 168 km between two stations (Stoppage time between two stations is not

considered). If the average speed of the express train is 14 km/hour more than the passenger train, find the average speeds of two trains.

**29.** सिद्ध कीजिए : 5

$$\frac{\tan\theta}{1-\cot\theta}+\frac{\cot\theta}{1-\tan\theta}=1+\sec\theta\ \mathrm{cosec}\,\theta$$

Prove that :

$$\frac{\tan\theta}{1-\cot\theta}+\frac{\cot\theta}{1-\tan\theta}=1+\sec\theta\ \mathrm{cosec}\,\theta$$

**अथवा**

**OR**

भूमि के बिन्दु P से एक 10 मी ऊँचे भवन के शिखर का उन्नयन कोण 30° है। भवन के शिखर पर एक ध्वज के शिखर का उन्नयन कोण 45° है। ध्वज की लम्बाई और बिन्दु P से भवन की दूरी ज्ञात कीजिए।

From the point P on the ground the angle of elevation of the top of a 10 m building is 30°. A flag is hoisted at the top of building and the angle of elevation of the top of flagstaff from P is 45°. Find the length of flagstaff and distance of building from P.

**30.** 5 सेमी, 6 सेमी और 7 सेमी भुजाओं वाले एक त्रिभुज की रचना कीजिए। इस त्रिभुज के समरूप दूसरे त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ इस त्रिभुज की $\frac{7}{5}$ हों। 5

Construct a triangle with sides 5 cm, 6 cm and 7 cm. Consider another similar triangle whose sides are $\frac{7}{5}$ of the corresponding sides of first triangle.

**31.** 6 सेमी त्रिज्या वाले एक गोले को पिघलाकर 24 सेमी ऊँचाई वाले एक शंकु में ढाला जाता है। शंकु के आधार की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। 5

A metallic sphere of radius 6 cm is melted and recast into the shape of cone of height 24 cm. Find the radius of the base of the cone.

**32.** निम्नलिखित सारणी में एक स्कूल के विद्यार्थियों का दैनिक जेब खर्च दिया गया है : 5

| दैनिक जेब खर्च (रुपये में) | 11-13 | 13-15 | 15-17 | 17-19 | 19-21 | 21-23 | 23-25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 7 | 6 | 9 | 13 | 20 | 5 | 4 |

इस स्कूल के बच्चों का औसत जेब खर्च ज्ञात कीजिए।

The following distribution shows the daily pocket money of children of a school :

| Daily Pocket Money (Rs.) | 11-13 | 13-15 | 15-17 | 17-19 | 19-21 | 21-23 | 23-25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Number of Children | 7 | 6 | 9 | 13 | 20 | 5 | 4 |

Find the average daily pocket money of children.

**अथवा**

**OR**

एक पौधे की 40 पत्तियों की लम्बाइयाँ निम्न सारणी में मिमी में दी गई है :

| लम्बाइयाँ (मिमी में) | 18-27 | 27-36 | 36-45 | 45-54 | 54-63 | 63-72 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पत्तियों की संख्या | 3 | 5 | 10 | 13 | 5 | 4 |

पत्तियों की माध्यक लम्बाई ज्ञात कीजिए।

The length of 40 leaves of a plant are measured in mm and are given in the following table :

| **Length in (mm)** | **18-27** | **27-36** | **36-45** | **45-54** | **54-63** | **63-72** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Number of Leaves** | **3** | **5** | **10** | **13** | **5** | **4** |

Find the median length of the leaves